Government of **Western Australia**
School Curriculum and Standards Authority

भाषाएँ नामांकन प्रक्रिया – माता-पिता के लिए जानकारी

WACE भाषा कोर्स में नामांकन कराने के इच्छुक सभी छात्र/छात्राओं को स्कूली पाठ्यक्रम और मानक प्राधिकरण (प्राधिकरण) [School Curriculum and Standards Authority (the Authority)] के समक्ष *WACE भाषा कोर्स में नामांकन की अनुमति* के लिए एक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना होता है।

जब छात्र/छात्राएं कक्षा 10* में होते/होती हैं, तो वे ऑनलाइन आवेदन पूरा करते/करती हैं।

ऑनलाइन आवेदन पूरा करने के लिए छात्र/छात्राओं को घर या स्कूल में एक कंप्यूटर का प्रयोग करने की आवश्यकता होगी। यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं, तो अपने बच्चे/अपनी बच्ची के भाषा शिक्षक/शिक्षिका या स्कूल प्रशासन से अपनी सहायता करने के लिए कहें।

आवश्यक जानकारी

आपके बच्चे/आपकी बच्ची को निम्नलिखित विवरण प्रदान करने की आवश्यकता होगी:

- प्राथमिक-पूर्व से लेकर प्रत्येक स्कूल वर्ष के लिए आप जिस स्कूल में उपस्थित रहे थे/रही थीं, उनके विवरण
- विदेश-स्थित स्कूलों में शिक्षण वर्षों की स्कूल रिपोर्ट/टें
- इससे पहले आप कौन से देशों में रहे/रही हैं
- आपने कौन से देशों में यात्रा की है
- उन देशों में यात्रा करने का/के कारण
- उन देशों में यात्रा/ओं की अवधि
- छात्र/छात्रा ने कौन सी भाषा/ओं में पहली बार बात करना सीखा था
- छात्र/छात्रा कौन सी अन्य भाषा/एँ बोल, पढ़ और लिख सकता/सकती है
- छात्र/छात्रा अपने माता/पिता या अभिभावक/कों और अपने भाई-बहनों एवं दोस्तों के साथ कौन सी भाषा/ओं में बात करता/करती है

समर्थन दस्तावेज

आपके बच्चे/आपकी बच्ची को निम्नलिखित दस्तावेजों की फोटो खींचनी होगी या इन्हें स्कैन करना होगा:

- माता/पिता/अभिभावक अभिस्वीकृति प्रपत्र (अनिवार्य)
- पासपोर्ट पहचान पृष्ठ, यदि लागू हो
- अंतर्राष्ट्रीय आवाजाही का/के रिकॉर्ड, यदि लागू हो
- विदेशी स्कूल रिपोर्ट/टें, यदि लागू हो (हों)।

आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राधिकरण (Authority) की वेबसाइट पर उपलब्ध है। https://senior-secondary.scsa.wa.edu.au/syllabus-and-support-materials/languages

* यह वर्ष 9 के उन छात्र/छात्राओं के लिए भी लागू है, जो वर्ष 11 का भाषा कोर्स शुरू करने के लिए आवेदन करेंगे/करेंगी।